आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 मार्च 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को चिंताजनक बताया है और कहा है कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोकसभा में पश्चिम एशिया पर भारत का रूख स्पष्ट करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका कच्चे तेल की कीमतों पर गहरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से अधिक भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन पर गम्भीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस संघर्ष के शीघ्र समाधान के लिये सभी पक्षों से आग्रह कर रही है।

जब से यह युद्ध शुरू हुआ है तब से ही प्रभावित देशों में हर भारतीय को जरूरी मदद दी जा रही है। मैने खुद पश्चिमी एशिया के ज्यादातर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो राउंड फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ में हुयी कैबिनेट बैठक में गेहूं खरीद सहित पैंतीस अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। प्रदेश सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में एक सौ साठ रूपये प्रति कुंतल की बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। एक रिपोर्ट–

बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य पच्चीस सौ पचासी रूपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। गत वर्ष की तुलना में इसमें एक सौ साठ रूपये प्रति कुंतल की बढ़ोत्तरी की गयी है। तीस मार्च से पन्द्रह जून तक गेहूं की खरीद की जायेगी। पूरे प्रदेश में छः हजार पांच सौ खरीद केन्द्र बनाये जायेंगे। कैबिनेट ने एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में गोरखपुर को सोलर सिटी बनाने की भी मंजूरी दी है। गोरखपुर में प्रदेश का तीसरा फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाया जायेगा। निर्णय के मुताबिक गोरखपुर के चिलुआताल में बीस मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जायेगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रयागराज के फाफामऊ इलाके में आज दोपहर में एक कोल्ड स्टोरेज की इमारत अचानक ढह गई। मलबे में करीब बीस लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि घटना स्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम भी राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। हादसे के दौरान अमोनिया गैस का रिसाव भी हुआ है। पुलिस ने कोल्ड स्टोरेज के मैनेजर को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है।

****

रामनवमी के अवसर पर अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में एक बार फिर श्रीरामलला का दिव्य सूर्य तिलक होगा। यह अद्भुत दृश्य दोपहर बारह बजे देखने को मिलेगा जब सूर्य की किरणें श्रीरामलला के मस्तक पर तिलक करेंगी। श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यह सूर्य तिलक लगभग चार मिनट तक देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसे अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीक से सम्भव बनाया गया है।

****

राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इन्हें वर्ष–उन्नीस सौ इकतीस में आज ही के दिन लाहौर की केंद्रीय जेल में फांसी दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को उनके शहीदी दिवस पर नमन किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने इनके साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को प्रेरक बताया।

****

चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। बलरामपुर के देवीपाटन स्थित मां पाटेश्वरी देवी मंदिर, वाराणसी के प्राचीन बागेश्वरी मंदिर, महराजगंज जिले में स्थित लेहड़ा माता मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने पहुंचे हैं। मिर्जापुर के मां विन्ध्यवासिनी देवी मंदिर में भक्तों का उल्लास देखते ही बन रहा है।

वासंतिक नवरात्र मेले के आज पंचम तिथि पर जगत जननी मां विध्यवासिनी के दरबार में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लोग मां का दर्शन–पूजन कर आशीर्वद ले रहे हैं। भोर की मंगला आरती से पहले ही मंदिर की ओर जाने वाली सभी चारों गलियां श्रद्धालुओं से भर गई थीं। देश के कोने–कोने से आए भक्त मन में स्कंदमाता स्वरूप धारिणी मां विंध्याचल पर्वतवासिनी की एक झलक पाने की मन में अभिलाषा लिए क्रमशः आगे बढ़ रहे हैं। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार विन्ध्याचल।

****

प्रदेश के पूर्वी जिलों में बीते दो दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहा। आज सुबह भी ठंड महसूस की गयी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में आज कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बौछारे पड़ने की सम्भावना है।

****